हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

13 आज से शुरू होगा मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां ...



14 बरनाला लाठीचार्ज के विरोध में सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन



## यूजी प्रथम मेरिट सूची के विद्यार्थियों को बड़ी राहत, अब 4 तक जमा कर सकेंगे प्रवेश शुल्क

### उच्चतर शिक्षा विभाग ने संशोधित प्रवेश कार्यक्रम किया जारी, दूसरी मेरिट सूची 6 को होगी प्रदर्शित

मिशन एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश के सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त व सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष (यूजी) की प्रवेश प्रक्रिया में विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी गई है। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा ने प्रथम मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी चार अगस्त तक अपनी फीस जमा कराकर प्रवेश सुनिश्चित कर सकेंगे। विभाग की ओर से संशोधित प्रवेश कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है।

उच्चतर शिक्षा विभाग के महानिदेशक की ओर से जारी निर्देशानुसार के अनुसार विभिन्न कॉलेजों व विद्यार्थियों की ओर से प्रवेश शुल्क जमा करने की समय-सीमा बढ़ाने के लिए लगातार अनुरोध प्राप्त हो रहे थे। इन मांगों पर विचार करते हुए विभाग ने प्रथम चरण की काउंसलिंग के तहत फीस जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे उन विद्यार्थियों को राहत मिलेगी, जो किसी कारणवश निर्धारित समय के भीतर फीस जमा नहीं कर सके थे। विभाग की ओर से जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम मेरिट सूची की प्रोविजनल सूची 21 जुलाई व अंतिम सूची 22 जुलाई को जारी की जा चुकी है। अब प्रथम चरण की काउंसलिंग के लिए फीस जमा करने की अवधि 23 जुलाई से बढ़ाकर चार अगस्त तक कर दी गई है। इसके बाद दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। दूसरी मेरिट सूची की प्रोविजनल सूची छह अगस्त को प्रदर्शित की जाएगी तथा अंतिम सूची जारी होने के बाद चयनित विद्यार्थियों को सात अगस्त से 11 अगस्त तक प्रवेश शुल्क जमा कराने का अवसर मिलेगा।



नारनौल। पीजी कॉलेज का मुखद्वार। फोटो : हरिभूमि

### रिक्त सीटों के लिए होगी फिजिकल काउंसलिंग

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार यदि इसके बाद भी सीटें रिक्त रहती हैं, तो 12 अगस्त को शेष सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। वहीं 13 अगस्त को ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल को दोबारा खोला जाएगा, जिससे नए अभ्यर्थी पंजीकरण कर सकेंगे तथा पहले से आवेदन करने वाले विद्यार्थी अपने आवेदन पत्र में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे। इसके बाद 14 अगस्त से 20 अगस्त तक 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ तथा 21 अगस्त से 27 अगस्त तक 100 रुपये विलंब शुल्क के अतिरिक्त प्रतिदिन 100 रुपये अतिरिक्त शुल्क के साथ शेष सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी।

### क्या कहते हैं दाखिला नोडल अधिकारी

उच्चतर शिक्षा विभाग ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों, सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त व सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों के प्राचार्यों को संशोधित कार्यक्रम का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने विद्यार्थियों से भी अपील की है कि वे संशोधित तिथियों के अनुसार समय रहते अपनी प्रवेश संबंधी औपचारिकताएं पूरी कर लें, ताकि उन्हें प्रवेश से वंचित न होना पड़े।

-डॉ. सतीश सैनी, नोडल अधिकारी राजकीय पीजी कॉलेज, नारनौल

## खबर संक्षेप

### बदमाशों ने दी जान से मारने की धमकी

**कनीना।** गांव धनौंदा के एक व्यक्ति को अज्ञात लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी है। इस बारे में धनौंदा निवासी हनुमान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर के बाहर सो रहा था, रात्रि करीब दो बजे एक सफेद रंग की गाड़ी वहां आकर रूकी। जिसमें से छह-सात अज्ञात व्यक्ति उतरे और गालियां देनी शुरू कर दी।

### चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**नारनौल।** जिले के खारीवाड़ा व रामपुरा के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। संबधित गांव के इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार संबंधित तहसील कार्यालय में चौकीदार के रिक्त पदों पर 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि अटेली तहसील के गांव खारीवाड़ा व रामपुरा के चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

### सीटीएम ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के लिए चलाए जा रहे समाधान शिविर में वीरवार को 42 नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी। इस मौके पर नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने शिकायतें सुनीं। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पशुपालन विभाग के उपनिदेशक के नेतृत्व में चलेगा टीकाकरण अभियान

# लंपी एवं ईटीवी पर होगा वार जिले में पहुंची वैक्सीन की खेप

गायों के साथ 46 हजार बकरियों और 23 हजार भेड़ों को भी लगाया जाएगा ईटीवी रोधी टीका

जिले के 67 पशु अस्पतालों को भेजी जा रही वैक्सीन, पशुपालकों से सहयोग की अपील

राजकुमार ▶▶ नारनौल

जिला महेंद्रगढ़ में पशुओं को संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए पशुपालन विभाग अगले सप्ताह से विशेष टीकाकरण अभियान शुरू करने जा रहा है। जिला उपनिदेशक (पशुपालन) डॉ. नसीब सिंह के नेतृत्व में चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत गायों को लंपी स्किन डिजीज (एलएसडी) तथा भेड़-बकरियों को ईटीवी (एंटरोटॉक्सिमिया) से बचाव के टीके लगाए जाएंगे। अभियान को लेकर विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले के 67 सरकारी पशु चिकित्सालयों एवं औषधालयों में वैक्सीन की आपूर्ति शुरू कर दी गई है, ताकि अगले सप्ताह से टीकाकरण सुचारू रूप से शुरू किया जा सके।

बता दें कि पशुपालन विभाग को हाल ही में लंपी रोग से बचाव के लिए 91,600 वैक्सीन की पहली खेप प्राप्त हो चुकी है। इन्हें चरणबद्ध तरीके से जिले के सभी सरकारी पशु अस्पतालों में भेजा जा रहा है। वहीं ईटीवी से बचाव के लिए जिले की करीब 23 हजार भेड़ों और लगभग 46 हजार बकरियों का भी टीकाकरण किया जाएगा। विभाग ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।



नारनौल। लंपी रोग से ग्रस्त गाय। फोटो : हरिभूमि

पुरानी कचहरी स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के पशु चिकित्सक डॉ. पवन यादव एवं डॉ. प्रवीण यादव ने बताया कि लंपी स्किन डिजीज कैप्रीपॉक्स समूह के वायरस से फैलने वाला एक संक्रामक रोग है। यह बीमारी मुख्य रूप से मच्छरों, मक्खियों, किलनियों तथा अन्य रक्त चूसने वाले कीटों के माध्यम से एक पशु से दूसरे पशु तक पहुंचती है। इस रोग की पहचान सबसे पहले वर्ष 1929 में अफ्रीकी देश जाम्बिया में हुई थी।

भारत में इसका पहला मामला वर्ष 2019 में ओडिशा में सामने आया, जबकि हरियाणा में वर्ष 2022 के दौरान इसका व्यापक प्रकोप देखने को मिला। उसी समय महेंद्रगढ़ जिले में भी बड़े स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया गया था, जिससे बीमारी पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया।

### दोनों ही बीमारियां गंभीर



*लंपी और ईटीवी दोनों ही पशुओं के लिए गंभीर बीमारियां हैं, लेकिन समय पर टीकाकरण से इनसे प्रभावी बचाव संभव है। सभी पशुपालक अपने नजदीकी सरकारी पशु चिकित्सालय से संपर्क कर टीकाकरण अभियान का लाभ उठाएं। बीमारी के लक्षण दिखने पर उपचार में देरी न करें और पशु को अन्य पशुओं से अलग रखें। समय पर लगाया गया टीका पशुओं की जान बचाने के साथ पशुपालकों को होने वाले आर्थिक नुकसान से भी बचाता है।*

*-डा. पवन यादव, पशु चिकित्सक, पुरानी कचहरी अस्पताल, नारनौल*

### क्या है ईटीवी?

ईटीवी (एंटरोटॉक्सिमिया) भेड़ और बकरियों में होने वाली एंटरोटॉक्सिमिया बीमारी से बचाव के लिए लगाया जाने वाला टीका है। यह रोग क्लोस्ट्रिडियम परफ्रिंजेंस नामक जीवाणु से होता है। अधिक दाना खाने, अचानक आहार बदलने या पाचन तंत्र में असंतुलन होने पर यह जीवाणु तेजी से विषैले तत्व बनाता है, जिससे पशु अचानक बीमार हो जाता है।

### ईटीवी जीवाणुजनित रोग

एंटरोटॉक्सिमिया (ईटीवी) मुख्य रूप से भेड़ और बकरियों में होने वाला जीवाणुजनित रोग है। यह क्लोस्ट्रिडियम परफ्रिंजेंस नामक जीवाणु के कारण होता है। अधिक दाना खाने, अचानक आहार बदलने अथवा पाचन तंत्र में गड़बड़ी होने पर यह जीवाणु विषैले तत्व बनाता है, जिससे पशु की अचानक मौत तक हो सकती है। इसलिए भेड़-बकरी पालकों के लिए भी समय पर टीकाकरण कराना बेहद जरूरी है।

### लंपी बीमारी के लक्षण

लंपी रोग होने पर पशु को तेज बुखार आता है। आंखों और नाक से स्राव निकलता है, मुंह से लगातार लार टपकती है, पशु चारा खाना और चरना कम कर देता है तथा पूरे शरीर पर कठोर गांठें और फोड़े निकल आते हैं। गंभीर स्थिति में दूध उत्पादन घट जाता है और कई बार पशु की मृत्यु भी हो जाती है। इससे पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए बीमारी के उपचार से अधिक प्रभावी इसका समय पर टीकाकरण है। पशुपालन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले के सभी सरकारी पशु चिकित्सालयों में टीकाकरण दल तैयार कर दिए गए हैं। गांव-गांव जाकर भी टीकाकरण किया जाएगा, ताकि कोई भी पशु वैक्सीन से वंचित न रहे।

## कलानौर सड़क हादसे में 3 की मौत, दो सगे भाई

*तीसरा मरने वाला गाड़ी का ड्राइवर, शाम को कलानौर अस्पताल में किया शवों का पोस्टमार्टम*



नारनौल। मृतक दोनों भाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रोहतक के कलानौर के पास एनएच 152डी पर वीरवार अल सुबह सड़क हादसा हो गया। प्रथम दृष्टि में मामला सामने आया है कि चालक को नींद की झपकी आ गई और आगे चल रहे ट्रक में टाटा पंच गाड़ी दे मारी। इस हादसे में ड्राइवर सहित तीन व्यक्तियों की मौत हुई है। जिसमें दो सगे भाई भी शामिल है। यह दोनों भाई शहर की रामकरण दास कॉलोनी में मकान बनाकर रहते थे और क्रेशर का कार्य करते थे। शाम को कलानौर अस्पताल से शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए गए थे। समाचार लिखे जाने तक शव नारनौल नहीं पहुंचे थे।

मोहल्ला फ्रांसखाना वासी मनीष जैन व मनोज जैन दो भाई क्रेशर का काम करते है। इन दिनों नया मकान महात्मा रामकरणदास कॉलोनी में बनाकर रह रहे है। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले यह जालंधर व्यापार के सिलसिले में गए थे। दोनों भाई टाटा पंच गाड़ी में सवार थे और गाड़ी ड्राइवर संदीप कुमार चला रहा था। वीरवार अल सुबह करीब पांच बजे गाड़ी एनएच152डी पर कलानौर के पास आगे चल रहे ट्रक में घुसा दी। हादसा इतना भयंकर था कि गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस की मौजूदगी में शव निकाल नजदीकी कलानौर अस्पताल में लाए गए। कलानौर पुलिस ने इनकी पहचान 50 वर्षीय बड़े भाई मनीष जैन व 45 वर्षीय छोटे भाई मनोज जैन के रूप में हुई है। वहीं करीब 37 वर्षीय ड्राइवर संदीप कुमार के रूप में हुई। परिजनों को सूचना दी गई। यहां से सुबह करीब सात बजे परिजन कलानौर के लिए रवाना हुए। कागजी कार्रवाई व पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने में पूरा दिन लग गया। बताया जा रहा है कि शाम करीब पांच बजे पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों को सौंपे गए।

### बच्चे छोटे, दोनों भाई ही थे घर को चलाने वाले

मनीष जैन व मनोज जैन दोनों संगे भाई थे। हादसे के बाद मनीष जैन पत्नी मोनिका, बेटा आशु व बेटी गरिमा को छोड़कर गए है। बेटी पढ़ रही है। बेटा पिता के काम में सहयोग करता है। वहीं छोटा भाई मनोज जैन अब पीछे पत्नी स्वाति, दो बेटी सौम्या व कनक को छोड़कर गया है। दोनों बेटी अभी पढ़ रही है। हादसे के बाद शहर गम में डूबा है।



महेंद्रगढ़। प्रशासन के प्रति नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक कल

**नारनौल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की मासिक बैठक एक अगस्त को प्रातः 10 बजे बस स्टैंड के नजदीक स्थित यादव धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान घनश्याम शर्मा करेंगे। यह जानकारी जिला सचिव ओमप्रकाश दायमा ने देते हुए बताया कि बैठक में राज्य कार्यकारिणी द्वारा निर्धारित एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अलावा संगठन की सदस्यता अभियान को गति देने, मेंबरशिप बढ़ाने के लिए जिम्मेदारियां तय करने, विभिन्न ब्लॉकों का ऑडिट कराने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत बनाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श होगा। उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने सुझाव देने का आह्वान किया। साथ ही सभी ब्लॉक प्रधानों से अपनी-अपनी कैश बुक अनिवार्य रूप से साथ लाने का अनुरोध किया गया है, ताकि ऑडिट संबंधी कार्य समय पर पूरा किया जा सके।

## कैमला के व्यक्ति से 45 लाख का लोन दिलाने का झांसा देकर 22.53 लाख रुपये की ठगी

**नारनौल।** कैमला गांव निवासी एक व्यक्ति से 45 लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा देकर 22.53 लाख रुपये की कथित ठगी करने के मामले में थाना सदर महेंद्रगढ़ पुलिस ने दिल्ली निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई आर्थिक अपराध शाखा नारनौल की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कैमला निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उसके पास एक अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एक फाइनेंस कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए कम ब्याज दर पर लोन उपलब्ध कराने की बात कही। मनोज कुमार ने अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए 40 से 45 लाख रुपये के लोन की आवश्यकता बताई। इसके बाद कथित आरोपित ने आधार कार्ड व पैन कार्ड मांगे, जो शिकायतकर्ता ने भेज दिए। शिकायत के अनुसार कुछ समय बाद आरोपित ने बताया कि उसका सिबिल स्कोर खराब है और लोन पास कराने के लिए विभिन्न मदों में राशि जमा करानी होगी। आरोप है कि आरोपित ने अलग-अलग तारीखों में विभिन्न खातों और फोन-पे के माध्यम से कुल 22 लाख 53 हजार 900 रुपये जमा करवा लिए। जब शिकायतकर्ता ने लोन या अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपित ने कथित रूप से धमकियां देनी शुरू कर दी।

## समाधान शिविरों में नहीं पहुंच रहे जिला अधिकारी, जताया आक्रोश

### प्रशासनिक रवैये के प्रति जोरदार नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिला स्तर पर आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में जिला स्तरीय अधिकारियों के न पहुंचने से आमजन को भारी निराशा का सामना करना पड़ रहा है। शिविरों में शिकायतों का समय पर समाधान न होने से नाराज विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय लोगों ने वीरवार को प्रशासनिक रवैये के प्रति जोरदार नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया। प्रदर्शनकारियों का साफ कहना है कि यदि समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं व शिकायतों का स्थायी निवारण ही नहीं हो पा रहा है, तो प्रदेश सरकार को महेंद्रगढ़ में वीरवार को लगने वाले समाधन शिविर को तुरंत बंद कर देना चाहिए।

सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा, विपिन, सत्यवीर, बाबूलाल, सुंदरलाल, कश्मीरा, अजीत, अशोक, पवन कुमार, कुलभूषण, हीर सिंह आदि ने बताया कि जिला स्तर पर शुरू किए गए समाधान शिविर अब पूरी तरह से निष्प्रभावी और कमजोर पड़ते नजर आ रहे हैं। लोग उम्मीद लेकर बार-बार अपनी शिकायतों के साथ समाधान शिविरों में आते हैं, लेकिन अधिकारियों की गैरमौजूदगी के कारण उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ता है। उन्होंने पूर्व की व्यवस्था का स्मरण कराते हुए बताया कि वर्ष 2019 में अधिवक्ताओं द्वारा जिला मुख्यालय की स्थापना को लेकर महेंद्रगढ़ में 100 दिनों तक लंबा धरना-प्रदर्शन किया गया था। उस समय तत्कालीन शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ था। इसके उपरांत गठित कमेटी की पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से वार्ता कराई गई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में बाकायदा नोटिफिकेशन जारी कर निर्देश दिए थे कि प्रत्येक मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतें सुनेंगे और उनका मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने समाधान शिविरों की व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई है।

### गुरुग्राम की मेदांता फाउंडेशन-पुअर एंड नीडी पेशेंट्स वेलफेयर ट्रस्ट के साथ समझौता

## मेदांता के सीएसआर हेड ने अटेली अस्पताल में पहुंच कर की तीन घंटे तक मंत्रणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के प्रयासों से अटेली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अपग्रेडेशन और संचालन को मजबूत करने के लिए गुरुग्राम की मेदांता फाउंडेशन-पुअर एंड नीडी पेशेंट्स वेलफेयर ट्रस्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कार्य की प्रक्रिया शुरू होने लगी है।

एमओयू के डेढ़ माह बाद वीरवार दोपहर बाद मेदांता अस्पताल के सीएसआर की हैड कौशल किदवई व उनकी टीम ने सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार व सीएचसी के एसएमओ डा. अशोक सिंगवईया ने अस्पताल का निरीक्षण करवाया। टीम ने अस्पताल के भौतिक निरीक्षण के साथ बिल्डिंग में सुविधाओं को बढ़ावा देने लिए दो से तीन घंटे तक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

एमओयू से अटेली अस्पताल बिल्डिंग को विशेष मरम्मत के साथ अनेक प्रकार के मेडिकल आधुनिक उपकरण मुहैया कराए जाएंगे। सीएची में प्रिवेंटिव और क्यूरेटिव आउटपेशेंट सेवाएं, महिलाओं के लिए कैंसर स्क्रीनिंग, पॉइंट-ऑफ-केयर डायग्नोस्टिक टेस्टिंग, नवजातों के लिए कंगारू मदर केयर सुविधाएं, एंबुलेंस सहायता और समुदाय में नियमित स्वास्थ्य आउटरीच कैंप जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं मिल सकेंगी।

इसके अलावा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होगी। पीएचसी के एसएमओ डा. अशोक कुमार ने बताया कि मेदांता अस्पताल के सीएसआर हैड कौशल किदवई व उनकी टीम ने सीएचसी के हर पहलू पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मेदांता फाउंडेशन के सहयोग से सिजेरियन थिएटर, कैंसर जांच सुविधाओं का होगा विस्तार अटेली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तरों वाले उप-मंडल अस्पताल में अपग्रेड किया जाएगा और वहां मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत की जाएंगी अस्पताल का दर्जा अटेली सीएचसी अब 50 बेड के उप-मंडल अस्पताल के रूप में विकसित होगा।



मंडी अटेली। अटेली सीएचसी में मेदांता अस्पताल के साथ हुए एमओयू पर चर्चा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विशेष सुविधाएं

प्रसव कक्षों और सी-सेक्शन (सिजेरियन) ऑपरेशन थिएटर का आधुनिकीकरण। अन्य लाभ में नवजात शिशु देखभाल, उन्नत जांच सुविधाएं, कैंसर जांच और एंबुलेंस सहायता का विस्तार होगा।

### यह बोली स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। प्रदेश के लोगों को सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिले इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में विशेष कार्य हो रहे है। अटेली उसका गृह व कर्मस्थली होने के कारण यहां पर विशेष फोकस है।

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# जब दोस्त हैं साथ खुशियां हैं पास

हर बच्चे का कोई ना कोई दोस्त जरूर होता है। टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दोस्त बनाने में पीछे नहीं रहते। इनकी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है? इनका अपने फ्रेंड्स के साथ बिताया कोई मेमोरेबल मोमेंट कौन-सा है? इस बार ये फ्रेंडशिप-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे? फ्रेंडशिप-डे के मौके पर इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का अपने सभी फ्रेंड्स को क्या मैसेज है, बता रहे हैं **बालभूमि** को।

## फ्रेंड्स खुलकर जीने का मौका देते हैं उर्वा सवालिया



**सोनी सब** के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में बाल अर्जुन की भूमिका में उर्वा सवालिया दर्शकों की खूब तारीफ बटोर रहा है। अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की इंपॉर्टेंस के बारे में उर्वा बताता है, 'मेरे फ्रेंड्स मुझे बिना किसी फिल्टर के हंसने और खुलकर जीने का मौका देते हैं। मेरे लिए दोस्ती का मतलब है- बिना शर्त के एक-दूसरे का साथ देना और खूब मस्ती करना।' अपने फ्रेंड्स के साथ एक मेमोरेबल मोमेंट को याद करते हुए उर्वा बताता है, 'एक बार मेरा डांस परफॉर्मेंस था। मैं काफी नर्वस हो रहा था। मेरे पैरेंट्स के साथ मेरे फ्रेंड्स भी इस इवेंट में आए थे। उन्होंने चार्ट पेपर पर 'यू कैन डू इट!' लिखकर मेरा हौसला बढ़ाया। मैंने जमकर परफॉर्म किया। इससे मुझे फर्स्ट प्राइज मिला। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि जब दोस्त साथ हों, तो बड़े से बड़ा डर दूर भाग जाता है।'

इस फ्रेंडशिप-डे पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में उर्वा बताता है, 'इस बार मैंने अपने सभी क्लोज फ्रेंड्स के साथ 'नो मोबाइल, ओनली फन डे' प्लान किया है। हम सब मिलकर एक पार्क में जाएंगे, जहां कोई भी मोबाइल या आईपैड नहीं छुएगा। हम अपने पुराने खेल जैसे छुपन-छुपाई, खो-खो और पिट्ठू खेलेंगे। इसके अलावा, मैं अपने हाथों से सबके लिए कस्टमाइज्ड फ्रेंडशिप बैंड्स बना रहा हूं, जिसमें उनके पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स होंगे।' फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए उर्वा का प्यारा सा मैसेज है, 'ऐसे हर दोस्त को दिल से शुक्रिया कहो, जो बिना किसी स्वार्थ के हमेशा साथ रहता है। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## सच्ची दोस्ती का मतलब है एक-दूसरे का साथ देना भूमि रामोला



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में तितली का रोल प्ले कर रही भूमि रामोला को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। भूमि की लाइफ में उसके फ्रेंड्स बहुत इंपॉर्टेंस रखते हैं। वह कहती है, 'मेरे लिए दोस्त भगवान का दिया सबसे प्यारा उपहार है। अपने फ्रेंड्स के साथ हंसना-खेलना और नई-नई बातें सीखना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरे लिए सच्ची दोस्ती का मतलब सिर्फ साथ खेलना नहीं, एक-दूसरे का साथ देना, एक-दूसरे की खुशियों में खुश होना और हमेशा अच्छे दोस्त बने रहना है।' अपना मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट शेयर करते हुए भूमि बताती है, 'मेरी स्कूल की दोस्त (नायरा) ने फ्रेंडशिप-डे पर अपने हाथों से मेरे लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाया था। वो मेरा पहला फ्रेंडशिप गिफ्ट था, इसलिए वो मोमेंट आज भी मेरे दिल के बहुत करीब है।'

इस बार फ्रेंडशिप-डे की प्लानिंग के बारे में भूमि बड़े उत्साह से बताती है, 'फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप बैंड दूंगी, उनके साथ खूब बातें करूंगी, गेम्स खेलूंगी और बहुत सारी मस्ती करूंगी। साथ ही मैं अपने हर दोस्त को दिल से 'थैंक यू' बोलूंगी, क्योंकि अच्छे दोस्त हर दिन को और ज्यादा खास बना देते हैं।'

फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने सभी फ्रेंड्स के लिए भूमि का मैसेज है, 'हमेशा सच्चे दोस्त बनो, एक-दूसरे की मदद करो, दोस्तों के साथ खूब हंसो, कुछ अच्छा सीखो और कभी किसी दोस्त का दिल मत दुखाओ। अपनी दोस्ती को हमेशा दिल से निभाओ। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा कनेक्टेड रहें अबान खान



**स्टार प्लस** के शो 'उड़ने की आशा' में अबान खान को लक्ष्य की भूमिका में खूब पसंद किया जा रहा है। अबान से पूछने पर कि तुम्हारी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है, वह मुस्कराते हुए जवाब देता है, 'जिंदगी में दोस्तों का होना बहुत जरूरी है। दोस्तों के साथ हम सिर्फ एंज्वॉय ही नहीं करते, अपने कामों में उनकी मदद भी लेते हैं। मेरे फ्रेंड्स तो नोट्स कंप्लीट कराने में मेरी हेल्प करते हैं। मेरे साथ क्रिकेट भी खेलते हैं। शो 'उड़ने की आशा' में मेरे साथ काम करने वाले पंखुरी और आर्या मेरे बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। हम लोग सेट पर भी खूब मस्ती करते हैं।'

अबान का अब तक का मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट कौन-सा था, वह याद करते हुए बताता है, 'एक बार ईद के दिन मैं मम्मी को बिना बताए अकेले अपने फ्रेंड्स के घर ईद मनाने चला गया था। मैंने दोस्तों के साथ खूब एंज्वॉय किया। उधर घर वाले मुझे ढूंढ़ रहे थे, परेशान हो रहे थे। जब मैं वापस घर गया तो मुझे डांट पड़ी कि त्योहार पर दोस्तों से मिलना अच्छी बात है, लेकिन घर वालों को पता होना चाहिए कि तुम कहां जा रहे हो?'

इस बार फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करने की क्या खास प्लानिंग है, पूछने बर अबान बताता है, 'मैं फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड्स के साथ टाइम स्पेंड जरूर करूंगा। उनके साथ क्रिकेट खेलूंगा और मूवी देखूंगा। फ्रेंडशिप-डे पर जब अपने शो की शूटिंग पर जाऊंगा तो मैं अपने सेट वाले दोस्तों के लिए भी चॉकलेट्स लेकर जाऊंगा।'

फ्रेंडशिप-डे के मौके पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए अबान का मैसेज है, 'अपने फ्रेंड्स की हमेशा हेल्प करें, उनके साथ एंज्वॉय करें और हमेशा उनसे कनेक्टेड रहें। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है हरिति जोशी



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा की भूमिका निभा रही हरिति जोशी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का मन मोह रखा है। वह अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप को बहुत इंपॉर्टेंट मानती है। हरिति कहती है, 'दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है। फ्रेंड्स के साथ मैं खुलकर बोलती हूं, हंसती हूं, खेलती हूं, उनसे नई-नई बातें सीखती हूं। अच्छे दोस्त हर खुशी को और भी खास बना देते हैं। मुश्किल समय में भी हमेशा साथ खड़े रहते हैं।'

फ्रेंड्स के साथ मेमोरेबल मोमेंट्स के बारे में पूछने पर हरिति चहकते हुए बताती है, 'वैसे तो दोस्तों के साथ का अपनी लाइफ का कोई खास मेमोरेबल मोमेंट याद नहीं आ रहा है, लेकिन मेरे लिए सबसे यादगार पल तब हो जाता है, जब 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' की शूटिंग के बीच हमें थोड़ा ब्रेक मिलता है, हम सब फ्रेंड्स मिलकर गेम खेलते हैं, खूब मस्ती करते हैं।' अबकी फ्रेंडशिप-डे पर हरिति की क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'इस बार फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों के साथ टाइम स्पेंड करूंगी। अगर शूटिंग होगी तो वहीं सेट पर अपने दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करूंगी। अगर छुट्टी मिली तो बाहर घूमने या साथ में कोई मजेदार एक्टिविटी करने का प्लान बनाऊंगी।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए हरिति का फ्रेंडशिप-डे पर स्पेशल मैसेज है, 'हमेशा अपने दोस्तों का साथ दें। दोस्ती सबसे खूबसूरत रिश्ता है, इसलिए इसे हमेशा प्यार और भरोसे के साथ निभाएं। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *


प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

---

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## मेहनत का महत्व बताती कहानियां

बच्चो, इस बार हम तुम्हें एक ऐसी पुस्तक के बारे में बता रहे हैं, जिसमें मेहनत के महत्व को समझाती चार कहानियां हैं। किशोर श्रीवास्तव द्वारा रचित इस पुस्तक का नाम है- मेहनत का फल। पुस्तक की पहली कहानी 'नाम नहीं काम बड़ा' में तुम पढ़ोगे कि बुद्धमल के नाम को लेकर स्कूल में उसके दोस्त उसे चिढ़ाया करते थे। दोस्तों के चिढ़ाने से उसने अपनी क्लास में जाना ही छोड़ दिया। यह तो अच्छा हुआ कि उसे एक ऐसे साधु मिले, जिन्होंने नाम को लेकर उसकी आंखें खोल दी। जब बुद्धमल अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर लगाकर क्लास में अव्वल आया तो वह सभी का चहेता बन गया। यह कहानी हमें सिखाती है कि नाम से बड़ा और महत्वपूर्ण काम होता है।



पुस्तक की शीर्षक कहानी 'मेहनत का फल' में एक घटना में अपने दोनों हाथ गंवाने वाले रोमू को बड़ी मुश्किल से स्कूल में प्रवेश मिला था, लेकिन उसने पैरों से लिखना सीखकर जब बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले में पहला स्थान प्राप्त किया तो उसकी सफलता के आगे सब नतमस्तक हो गए। तीसरी कहानी 'अपना घर सबसे प्यारा' में सोमू से जब उसकी मां ने घर में इस्तेमाल किए गए कप धोने के लिए कहा तो यह बात उसे बहुत बुरी लगी। उसने गुस्से में घर छोड़ दिया। भूख लगने पर जब उसे होटल में जूठे बर्तन धोने के लिए मजबूर होना पड़ा तो उसे अपनी गलती का अहसास हुआ और वह वापस अपने घर की ओर चल पड़ा। किताब की अंतिम कहानी 'बुराई की हार' यह सिखाती है कि कभी भी झूठ बोलकर दूसरों के साथ धूर्तता नहीं करनी चाहिए। अगन, मगन, छगन और ठगन चारों मिलकर लोहे की मूर्ति को चांदी की बताकर लोगों को ठगा करते थे, लेकिन भोलाशंकर की चतुराई से उन सभी की पोल खुल गई और उन्हें कारावास की सजा मिली। *

**किताब:** मेहनत का फल (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** किशोर श्रीवास्तव, **मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** के. बी. एस. प्रकाशन, दिल्ली

---

## दोस्तों की सुलह

तन्मय और मोनू बहुत अच्छे दोस्त थे। एक दिन दोनों आपस में झगड़ पड़े। बातचीत बंद कर दी। अब एक दूसरे के साथ कोई खेलने वाला नहीं था। दोनों अकेले पड़ गए। तन्मय और मोनू को अपनी दोस्ती खूब याद आती। क्या दोनों में सुलह हो पाई? दोनों फिर से दोस्त बन पाए?

कहानी
सरस्वती रमेश




एआई इमेज

तन्मय और मोनू बहुत पक्के दोस्त थे। दोनों साथ-साथ खेलते, स्कूल जाते। एक दिन दोनों क्रिकेट खेल रहे थे। तन्मय ने बैटिंग करते समय बॉल इतनी जोर से मारी कि पता नहीं किधर चली गई। दोनों दोस्तों ने इधर-उधर चारों तरफ बॉल खोजी, लेकिन बॉल नहीं मिली। बॉल मोनू की थी। वह तन्मय से झगड़ने लगा, 'तुमने मेरी बॉल जानबूझकर जोर से मारकर खो दी। तुम मुझे मेरी बॉल कहीं से भी लाकर दो, चाहे बाजार से खरीद कर दो।'

'मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं, जो मैं खरीद कर दूं।' तन्मय ने अपनी मजबूरी बताई।

'मुझे नहीं पता, कहीं से भी लाकर दो। नहीं तो मैं तुमसे कट्टी कर लूंगा।' मोनू तेज आवाज में बोला।

तन्मय भी चिढ़ गया, 'कट्टी करनी है तो कर ले।'

इस कहा-सुनी के बाद दोनों दोस्तों के बीच बोलचाल बंद हो गई। मोनू को देख तन्मय मुंह फेर लेता। मोनू का गुस्सा भी कोई कम नहीं था। वह भी तन्मय की अनदेखी करने लगा।

दोनों के बीच बातचीत बंद होने के बाद अब मोनू के साथ खेलने वाला कोई साथी ना था। शाम को पार्क में वह साइकिल अकेला ही चलाता। पहले तन्मय कभी-कभी उसकी साइकिल के पीछे-पीछे दौड़ लगाता था या फिर कभी-कभी मोनू की साइकिल के पीछे लगे कैरियर पर बैठ जाता। दोनों खूब मस्ती करते। अब अकेले साइकिल चलाने में मोनू को जरा भी मजा नहीं आता। उसे तन्मय की याद आती।

उधर तन्मय का भी मोनू के बिना मन नहीं लग रहा था। एक दिन उसने सोचा, आज जब पार्क में मोनू दिखेगा, उससे सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेगा। तन्मय पार्क जाकर मोनू का इंतजार करने लगा। काफी देर बीत गई, लेकिन मोनू ना आया। उदास होकर तन्मय घर वापस आ गया।

असल में उस दिन मोनू के पापा रिमोट से चलने वाली नई कार लेकर लाए थे। मोनू कार पाकर बहुत खुश था, लेकिन वह कार किसके साथ चलाए, उसे समझ में नहीं आ रहा था। उसका पक्का दोस्त तन्मय तो नाराज चल रहा था। मोनू ने अपनी परेशानी पापा को बताई। पापा ने कहा, 'बेटा, हम सबका कभी-कभी आपस में झगड़ा हो जाता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों को लेकर ज्यादा समय तक नाराज रहना अच्छा नहीं।'

'पापा गलती तो तन्मय ने की। उसने मेरी बॉल क्यों खो दी।' मोनू बोला।

'कोई बात नहीं बेटा। मैं नई बॉल लाकर तुम्हें दे दूंगा। तुम जाओ और तन्मय से सुलह कर लो।' पापा ने मोनू का समझाया।

मोनू को पापा की बात समझ में आ गई। वह अपनी रिमोट से चलने वाली कार लेकर तन्मय के घर चल दिया। रास्ते में उसने कप केक खरीद लिए। कप केक तन्मय को बहुत पसंद है। उसने सोचा, वह सॉरी बोलकर तन्मय को कप केक पकड़ा देगा। तन्मय खुश होकर उसे माफ कर देगा।

मोनू कप केक खरीद कर तन्मय के घर की ओर जा ही रहा था कि तभी दोनों दोस्त रास्ते में आमने-सामने टकरा गए। तन्मय को देखकर मोनू ने कहा, 'अरे तन्मय तुम यहां, मैं तो तुम्हारे घर जा रहा था।'

तन्मय ने खुश होकर कहा, 'मैं भी तुम्हारे घर जा रहा था, तुमसे माफी मांगने।'

'अच्छा! लेकिन अब माफी की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अब मैं तुमसे बिल्कुल नाराज नहीं हूं।' यह कहते हुए मोनू ने झट से तन्मय को कप केक पकड़ा दिया। तन्मय कप केक पाकर बहुत खुश हुआ। उसने अपने दोस्त मोनू को थैंक्स कहा। मोनू ने तन्मय को अपनी रिमोट वाली कार दिखाई और बोला, 'चलो दोस्त, हम अब साथ में कार चलाते हैं। दोबारा कभी आपस में न लड़ने का वादा करते हैं।'

तन्मय ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। दोनों दोस्त गले मिले और एक-दूसरे से प्रॉमिस किया- 'यह दोस्ती कभी नहीं तोड़ेंगे।' *

---

कविता
सूर्य कुमार पांडेय

## सच्चे मित्र

जिनसे अपने मन मिलते हैं
भीतर नए फूल खिलते हैं
वे ही सच्चे मित्र हमारे।
जिनके साथ खुशी से रहते
अपने मन की बातें कहते
वे ही अच्छे मित्र हमारे।
जिनके साथ करें हम चैटिंग
जिनके साथ करें हम बैटिंग
वे ही सारे दोस्त हमारे।
जिनसे हों पढ़ने की बातें
काम मुसीबत में जो आते
वे ही प्यारे दोस्त हमारे।



---

## जीके क्विज-216

1. हाल में किस केंद्रीय मंत्री को शिक्षा मंत्रालय का भी दायित्व सौंपा गया है?
2. पिछले दिनों वाराणसी में स्थित किस धार्मिक स्थल को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया?
3. स्पेन में हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में किस महिला भारोत्तोलक ने स्वर्ण पदक जीता?
4. इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
5. ऋग्वेद किस भाषा में लिखा गया है?
6. प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय किस राज्य में स्थित है?
7. ऑक्सीजन का रासायनिक प्रतीक क्या होता है?
8. पृथ्वी का प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
9. देश के उपराष्ट्रपति संसद के किस सदन के सभापति होते हैं?
10. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?



**बच्चों, जीके क्विज-216 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-215 का उत्तर :** 1.स्पेन, 2.जेनिक सिनर, 3.विक्रम-1, 4.दिसपुर, 5.सी.पी. राधाकृष्णन, 6.विष्णुगुप्त/कौटिल्य, 7.मुंशी प्रेमचंद, 8.मध्य प्रदेश, 9.बाल गंगाधर तिलक, 10.26 जुलाई

**जीके क्विज-215 का सही उत्तर देने वाले :** जिया शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, मिशा-रायपुर, कोमल-दुर्ग, राजन-बिलासपुर, हर्षिता-रोहतक, उत्तम-भोपाल, शिखा-महासमुंद, तनुजा-महेंद्रगढ़, सुमन-बालोद

---

## रंग भरो-207

**रंग भरो-207** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




मोक्षित, ब्यावर


आशना, जांजगीर


सार्थक, कोरबा


देवांश, महेंद्रगढ़


कुंजल, रायपुर


दिशा, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्या-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, सान्वी-बिलासपुर, केतन-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रिया-जांजगीर, रेणु-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, शौर्य-गुना, पूजा-करनाल, हंसिका-बालोद

---

## रंग भरो 208




बच्चो, यहां बेस्ट-फ्रेंड्स टीना और मीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## तीन अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का होगा प्रकाशन

# आज से शुरू होगा मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियों का दौर: डॉ. जितेंद्र

**आठ अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी किए नियुक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना। राजनीतिक दलों की बैठक लेते एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत अब अगला महत्वपूर्ण चरण शुरू होने जा रहा है। एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (68-अटेली) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने एक पत्रकार वार्ता में बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची (ड्राफ्ट वोटर लिस्ट) का प्रकाशन किया जाएगा। इसके तुरंत बाद 31 जुलाई से लेकर 30 अगस्त तक आम नागरिक अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। एसडीएम डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि जिन पात्र नागरिकों की उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है और उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। यदि किसी मतदाता के विवरण जैसे नाम, पता, फोटो या अन्य जानकारी में कोई गलती है, तो उसे सुधारने के लिए फॉर्म-8 के माध्यम से आवेदन करना होगा। इसके अलावा यदि मतदाता सूची में किसी मृत व्यक्ति, स्थानांतरित हो चुके नागरिक, अपात्र या दोहरा नाम दर्ज है, तो फॉर्म-7 भरकर उस पर आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। एसडीएम ने कहा कि प्राप्त सभी दावों और आपत्तियों का निष्पक्ष और नियमानुसार निस्तारण 28 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद तीन अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इस पूरी प्रक्रिया को सुचारु और त्वरित बनाने के लिए 68-अटेली विधानसभा क्षेत्र में आठ अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो नोटिस जारी करने और सुनवाई का काम संभालेंगे। यदि कोई नागरिक दिए गए निर्णय से असंतुष्ट होता है, तो वह सबसे पहले निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, फिर जिला निर्वाचन अधिकारी और अंत में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास अपील कर सकता है।

**लोकतांत्रिक अधिकार का करें उपयोग**

एसडीएम ने आम जनता से अपील की कि वे अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करें और वोटर लिस्ट में अपना नाम अवश्य जांचें। यदि कोई भी सुधार या नया नाम जोड़ना बाकी है, तो तय समय सीमा के भीतर अपना आवेदन जरूर जमा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूरे अभियान का एकमात्र उद्देश्य पूरी तरह शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना है, ताकि आगामी चुनावों में हर पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग आसानी से कर सके।

**एसडीएम ने की बैठक**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. जितेन्द्र सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बीएलए-1 के साथ यह बैठक की। इस मौके पर डब्ल्यूसीडी सुपरवाईजर पूजा खींची, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामकिशन, बसपा बीएलए रविंद्र कुमार, जेजेपी बीएलए कृष्ण कुमार, कांग्रेस बीएलए सुमेर सिंह, कांग्रेस बीएलए आशुतोष, आप बीएलए ब्रह्मदत्त व इनेलो बीएलए कर्णसिंह उपस्थित रहे।

## यदुवंशी डिग्री कॉलेज में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। यदुवंशी में पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत यदुवंशी डिग्री कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार की पौध लगाई गई। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी को अधिक से अधिक पौध रोपण करने तथा लगाई गई पौध की नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया। महाविद्यालय चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति एवं मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक प्रेरणादायक प्रयास है। वाइस चेयरमैन करण सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौध अवश्य लगानी चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। चेयरपर्सन संगीता यादव, सीइओ तनिष राव, डायरेक्टर विजय सिंह यादव तथा डॉ. प्रदीप यादव ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौध लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

### कॉमनवेल्थ की गोल्ड विजेता शर्मिला धनखड़ का स्वागत करेगा सांस्कृतिक अहीरवाल

**नारनौल।** कॉमनवेल्थ खेलों में अहीरवाल की बेटी शर्मिला धनखड़ ने गोल्ड मेडल जीतकर अपना लोहा बनवाया है। कठिन परिस्थितियों और संघर्षपूर्ण जीवन गाथा का परिणाम गोल्ड मैडल के रूप में शर्मिला ने प्राप्त किया है।



सांस्कृतिक अहीरवाल ट्रस्ट के निदेशक सत्यव्रत शास्त्री ने बताया शर्मिला से उनका संपर्क वर्ष 2016 में उस समय आया था। जब विवाह विच्छेद के बाद किसी रोजगार की तलाश में थी। सत्यव्रत शास्त्री ने उस संघर्ष काल में उनका सहयोग किया और यथासंभव उसके इस करियर को बढ़ाने के लिए सरकारी दस्तावेजों की पूर्ति आर्थिक सहायता एवं उत्साह वर्धन में सहयोग किया।



### बीआर कॉलेज में हुआ पौधरोपण

**महेंद्रगढ़।** बीआर डिग्री कॉलेज सेहलंग में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज चेयरमैन हरिश भारद्वाज एवं प्राचार्य डॉ. राकेश कौशिक ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौध लगाई और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया। चेयरमैन हरिश भारद्वाज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए कम से कम एक पौध अवश्य लगानी चाहिए। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु, छाया और फल प्रदान करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण का आधार भी हैं। प्राचार्य डॉ. राकेश कौशिक ने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधों का संरक्षण और नियमितदेखभाल भी की जाए।

**खबर संक्षेप**

### रक्तदान शिविर में 65 यूनिट रक्त एकत्रित

**नांगल चौधरी।** युवा सेवा समिति के प्रधान झब्बूराम रावत की अगुवाई में सांडेल आश्रम थनवास के महंत उदयनारायण दास की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें विभिन्न गांवों के 65 युवाओं ने स्वैच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि महेश सोडा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है, जिसका कोई विकल्प नहीं है। रक्त की एक-एक बूंद किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकती है। आज के भौतिकवादी और एकल परिवारों के दौर में जरूरत के समय रक्तदाता ही किसी परिवार के लिए सबसे बड़ा सहारा बनते हैं।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां तेज

**कनीना।** राजकीय महाविद्यालय पितामाह कान्हसिंह में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य और गरिमामय बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी सिलसिले में एसडीएम डॉ. जितेन्द्र सिंह ने विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में एसडीएम ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कीं और सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक के दौरान सुरक्षा चाक-चौबंद रखने, निर्बाध पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और सफाई व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

## टैगोर स्कूल में बास्केटबॉल स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का पहले दिन शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में जिले के राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। पहले दिन बालिका वर्ग के अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग के मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टैगोर ग्रुप ऑफ स्कूल्स चेयरमैन डॉ. बीएल यादव एवं सविता यादव रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक शिक्षा अधिकारी विक्रम सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से डॉ. हंसराज गुर्जर, खेल पर्यवेक्षक राजेश शर्मा झाड़ली एवं दीपक शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी खेल पर्यवेक्षक राजेश शर्मा (झाड़ली) एवं दीपक शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि अंडर-14 बालिका वर्ग में आरपीएस महेंद्रगढ़ की टीम प्रथम तथा टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महेंद्रगढ़ द्वितीय स्थान पर रही। अंडर-17 बालिका वर्ग में आरपीएस नारनौल ने प्रथम तथा एसडी स्कूल काकराला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-19 बालिका वर्ग में आरपीएस महेंद्रगढ़ की टीम विजेता रही तथा यदुवंशी स्कूल सतनाली ने द्वितीय स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि डॉ. बी.एल. यादव ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। टैगोर ग्रुप ऑफ स्कूल्स की सीईओ डॉ. निशा यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों में भागीदारी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।

## राव रामचंद्र स्कूल का शानदार प्रदर्शन

■ जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना




कनीना। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राव रामचंद्र पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अपना परचम लहराया हैं। कुश्ती प्रतियोगिता में जिला स्तर पर अलग-2 भार वर्गों में शुभम ने आयु वर्ग -19 77 किलोभार में प्रथम स्थान, शिवम ने आयु वर्ग-19 74 किलो भार में प्रथम स्थान, मयंक ने आयु वर्ग-19 70 किलो भार में प्रथम स्थान व जतिन ने आयु वर्ग-17 60 किलो भार में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बॉक्सिंग में तनुज आयु वर्ग-19 (48-50 किलो भार) में गोल्ड मेडल, भविष्य आयुवर्ग-17 (48-50) में गोल्ड मेडल, हिमांश आयु वर्ग-19 (70-75 किलो भार) सिल्वर मेडल, सौरव, मोहित, कार्तिक, आशीष, गतिक ने अपने-2 भार वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किए। इसी प्रकार कबड्डी बालक आयु वर्ग-19 मे दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार स्विमिंग मे 10 गोल्ड, 5 स्लिवर व 2 ब्रोंज मेडल पाप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया, जिसमें राधिका ने 50 मी. फ्री स्टाइल में प्रथम, तेजस्वनी ने 50 मी. फ्री स्टाइल में दूसरा, मानव ने 50 मी. बेक स्ट्रोक में दूसरा, दीपांशु ने 50 मी. बेक स्ट्रोक में तीसरा, आयुवर्ग-17 मे प्रिंस ने 50 मी. बटरफ्लाई में दूसरा, नितिन ने 400 मी. फ्री स्टाइल में दूसरा, प्रिंस ने 50 मी. फ्री स्टाइल मे तीसरा, आयु वर्ग-19 मे दीपेंद्र ने 50 मी. बटरफ्लाई और ब्रैस्ट स्ट्रोक मे प्रथम, हेमंत ने 100 मी. व 200 मी. बटरफ्लाई मे प्रथम, आदितिय ने 50 मी. व 100 मी. बेक स्ट्रोक में प्रथम व दूसरा, ईश्वर ने 200 मी. फ्री स्टाइल मे प्रथम व 50 मी. बेक स्ट्रोक मे दूसरा, विनय ने 100 मी. फ्री स्टाइल में प्रथम और हेमंत ने 200 मी. फ्री स्टाइल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कराटे आयु वर्ग -14 में शिवम, जतिन ने प्रथम और हर्ष ने तीसरा स्थान आयु वर्ग-17 में तरुण, रोनिक, शुभम, शिवांशु, नीरज ने दूसरा और अरविन्द ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**खिलाड़ियों का स्वागत**

चेयरमैन रोशनलाल और प्रधानाचार्य हरिप्रकाश शर्मा एवं प्रबंधन समिति ने सभी विजेता खिलाड़ियों का मेडल पहनाकर स्वागत किया। उनके खेल प्रशिक्षकों हरिओम तंवर, मुकेश डीपीई, मुस्कान, समरपाल यादव और संजीत कोच को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विद्यार्थियों ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप स्कूल सुरजनवास में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता एवं सामान्य विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं टीम भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में लिखित प्रश्न, रैपिड फायर राउंड, दृश्य आधारित प्रश्न, विज्ञान से जुड़े रोचक तथ्यों एवं तर्कशक्ति पर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन विज्ञान विभागाध्यक्ष दीपेश गुप्ता, कुलदीप यादव एवं हरिओम द्वारा किया गया। निदेशक राजकुमार यादव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करती हैं। प्राचार्य रामबीर यादव ने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर आयोजित होने वाली शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। चेयरमैन रूपराम यादव ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेता विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में टीम 'सी' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस विजेता टीम में पारुल, कविता, तनुश्री एवं शीतल शामिल रहीं।



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



### मां चामुंडा देवी मंदिर में भक्तिभाव के साथ किया मासिक सुंदरकांड पाठ

**नारनौल।** मां चामुंडा देवी मंदिर में गुरुवार को श्री हनुमान चालीसा परिवार के तत्वावधान में मासिक सुंदरकांड पाठ का भव्य एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम और बजरंगबली का गुणगान किया। पूरे मंदिर परिसर में जयश्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्य नारायण ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया। उनके सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया। भजन-कीर्तन के दौरान श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए। राधा रानी प्रभात फेरी ट्रस्ट (रजि.) के पदाधिकारी एवं सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सुंदरकांड पाठ में सहभागिता कर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के भजनों का सामूहिक गायन कर वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।

## रामचंद्र स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़




महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

रामचंद्र पब्लिक स्कूल में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान, तार्किक सोच एवं आत्मविश्वास का विकास करना था। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और लगन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में लोटस हाउस ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम में कक्षा चौथी से जोया एवं ध्रुव शामिल रहे। वहीं मैरीगोल्ड हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें कक्षा चौथी से नव्या एवं आदित्य ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी टीम को उपविजेता बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन गतिविधि प्रभारी अनीता के निर्देशन में हुआ। विद्यालय के शैक्षणिक निदेशक शिवचरण शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना का विकास करती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समन्वयक ऋतु का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय चेयरमैन रोशनलाल यादव ने सभी विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

## श्रावण मास के शुभारंभ पर महंत तेजादास आश्रम में पार्थिव शिवलिंग महाअनुष्ठान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। तेजादास आश्रम में पार्थिव शिवलिंग पूजन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

श्रावण मास के प्रथम दिन गुरुवार को ग्राम पटीकरा-शाहपुर दोयम मार्ग स्थित महंत तेजादास आश्रम में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महाअनुष्ठान का शुभारंभ हुआ।

अनुष्ठान शुरू होते ही आश्रम परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महंत नंदकिशोर दास महाराज ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी ब्रह्ममुहूर्त में श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण का शुभारंभ किया।

अनुष्ठान का शुभारंभ आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने यजमान विनोद कुमार, सुरेश सरपंच, सुरेंद्र सोढ़ी, रवीन्द्र कुमार, राजेंद्र जैलदार एवं जगजीत से विधिवत पूजन-अर्चन करवाकर कराया। इसके बाद गंगा, यमुना, नर्मदा, कावेरी, गोदावरी, ताप्ती, सरस्वती, क्षिप्रा, कृष्णा सहित विभिन्न पवित्र नदियों एवं प्रयागराज संगम से लाए गए जल से भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जाएगा।

**भगवान शिव की पूजा-अर्चना की**

आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और पूजन अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। श्रद्धा एवं विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक करने से साधक को विशेष आध्यात्मिक फल प्राप्त होता है, रोग-कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महाअनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया। पूरे आश्रम परिसर में दिनभर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा।

## कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा से मिला प्रतिनिधिमंडल

# राष्ट्रीय महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर सक्रिय नामदेव समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा से मिलता प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

श्री नामदेव समाज समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोक निर्माण भवन एवं सड़कें एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणवीर सिंह गंगवा से लोक निर्माण विश्राम गृह में शिष्टाचार भेंट कर समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से पूर्व में की गई घोषणाओं को शीघ्र अमल में लाने का आग्रह भी किया। इस मौके पर हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन व नामदेव सभा हरियाणा के अध्यक्ष सतवीर सिंह वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मंत्री रणवीर सिंह गंगवा को श्री नामदेव समाज समिति एवं श्री नामदेव चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से समाजहित में किए जा रहे शिक्षा, सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित करने और युवा पीढ़ी को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सतवीर सिंह वर्मा ने बताया कि नवंबर-दिसंबर माह में दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में नामदेव, रोहिल्ला एवं दर्जी समाज का राष्ट्रीय महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें देशभर से समाज के हजारों प्रतिनिधि एवं अनेक प्रमुख राजनीतिक हस्तियां भाग लेंगी। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि गांव-गांव से अधिकतम संख्या में इस ऐतिहासिक सम्मेलन में भाग लेकर सामाजिक एकता का परिचय दें।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सुभाष चंद्र रोहिल्ला, प्रदीप कुमार वर्मा, पवन कुमार वर्मा, सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक सुभाष चंद्र कश्यप, मेजर सूबेदार रामनिवास, ब्रह्मप्रकाश थेपड़ा, सुभाष कश्यप, रोहताश कुमार, सचिव डॉ. संजय कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**समाज को भूमि उपलब्ध कराए सरकार**

प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा एवं सतवीर सिंह वर्मा को समाज के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्मरण कराया कि हिसार में आयोजित नामदेव समाज के कार्यक्रम में तीन जिलों में समाज को सरकारी भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। नारनौल स्थित श्री नामदेव चैरिटेबल ट्रस्ट को भी भूमि देने का आश्वासन दिया गया था। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा भूमि आवंटन के लिए आवेदन पहले ही किया जा चुका है, इसलिए सरकार इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर समाज को भूमि उपलब्ध कराए।

## खबर संक्षेप

### सेका में श्रीमद्भागवत कथा कल से

**नारनौल।** सेका गांव एक अगस्त से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। सात दिवसीय इस आध्यात्मिक महोत्सव को लेकर पूरे गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह का वातावरण है। कथा का शुभारंभ प्रातः 7:30 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। यह कलश यात्रा स्थानीय मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में सम्पन्न होगी। कथाव्यास आचार्य पंडित नरेंद्र मिश्र महाराज श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा का रसपान कराएंगे। कथा का समय 11:15 बजे से दोपहर 3:15 बजे तक निर्धारित किया गया है।

**नई राइजिंग मेन लाइन बिछेगी**

39 गांवों के लिए 284.18 करोड़ की परियोजनाएं मंजूर, सीएम सैनी के नेतृत्व में सरकार शुद्ध जल के लिए प्रतिबद्ध

# सिरोही बहाली, मूसनोता व आसरावास में बनेंगे 3 नए जलघर

हरिभूमि न्यूज नारनौल

जन स्वास्थ्य एवं भवन और निर्माण मंत्री रणवीर सिंह गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर घर नल से शुद्ध जल पहुंचाने को प्रतिबद्ध है। जिला महेंद्रगढ़ के 39 जल-अभावग्रस्त गांवों और नांगल चौधरी शहर समूह में स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 284.18 करोड़ रुपये की वृहद पेयजल संवर्धन योजना को सरकार ने तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। गंगवा वीरवार को बीजेपी की ओबीसी मोर्चा की प्रदेश सचिव सरिता जांगिड़ के आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने बताया कि इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए कुल तीन पैकेज तैयार किए गए हैं। प्रथम पैकेज का कार्य 53.47 करोड़ रुपये की लागत से आवंटित कर दिया गया है और धरातल पर काम भी प्रारंभ हो चुका है। इस दूरगामी परियोजना के तहत सिरोही बहाली, मूसनोता तथा आसरावास में तीन नए स्वतंत्र जलघर (वाटर वर्क्स) निर्मित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, नांगल दर्गू एवं नांगल चौधरी (मोहनपुर) के मौजूदा जलघरों के लिए कच्चे पानी की नई राइजिंग मेन लाइन बिछाने का काम किया जाएगा।



**नारनौल।** जन स्वास्थ्य एवं भवन एवं निर्माण मंत्री का स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### अंतिम चरण में पैकेज प्रक्रिया

उन्होंने बताया कि योजना के द्वितीय एवं तृतीय पैकेज की निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिसमें असरावास जलघर व राइजिंग मेन लाइन के लिए 30.69 करोड़ रुपये का दूसरा पैकेज तथा मूसनोता जलघर, नांगल दर्गू एवं नांगल चौधरी में दूसरे लिफ्टिंग स्टेशन के लिए 41.12 करोड़ रुपये का तीसरा पैकेज शामिल है। जन स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग तथा निर्धारित 540 दिनों की समयावधि के भीतर संपूर्ण निर्माण कार्य पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन गोबिंद भारद्वाज, महिला आयोग की सदस्य भारती सैनी, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, सरला यादव, सरोज बाला, कैलाशवती के अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

### हर घर को मिलेगा शुद्ध जल

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के संकल्प पर पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विभाग ने महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल शहर के लिए लगभग 34 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से नई डिस्पोजल प्रणाली के निर्माण और बची हुई गलियों में नई सीवर लाइन बिछाने की परियोजना का खाका तैयार किया है। इस निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 34,62,14,896 रुपये तय की गई है और इसे पूरा करने के लिए 365 दिनों की समय सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत मुख्य रूप से सिविल इंजीनियरिंग कार्यों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जिससे शहरवासियों को सीवरेज की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी।

महिला सफाई कर्मचारियों व बच्चों पर पुलिस कार्रवाई की जांच की मांग

# बरनाला लाठीचार्ज के विरोध में सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

**राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर बुलंद की आवाज**

हरिभूमि न्यूज नारनौल

पंजाब के बरनाला में आंदोलनरत महिला सफाई कर्मचारियों एवं उनके बच्चों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को नगरपालिका कर्मचारी संघ की नगर परिषद नारनौल इकाई ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने प्रशासन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराने तथा दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि पंजाब के विभिन्न नगर निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारी नियमितीकरण, रोजगार सुरक्षा तथा अन्य लंबित मांगों को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करते रहे हैं। सरकार द्वारा पहले उनकी मांगों पर सहमति जताने और उन्हें लागू करने का आश्वासन देने के बावजूद अब तक वादे पूरे नहीं किए गए हैं। इससे कर्मचारियों में रोष है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि बरनाला में आंदोलन के दौरान महिला सफाई कर्मचारियों और उनके साथ मौजूद छोटे बच्चों पर पुलिस ने बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया तथा उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों की मांग कर रहे कर्मचारियों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान प्रदत्त अधिकारों के खिलाफ है।




**नारनौल।** नगर परिषद के बाहर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### जिम्मेदार पुलिस वालों को तत्काल निलंबित करने की मांग

राष्ट्रपति के नाम भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि बरनाला लाठीचार्ज प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए। महिला सफाई कर्मचारियों एवं बच्चों पर लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल निलंबित कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा आंदोलनरत सफाई कर्मचारियों पर दर्ज सभी मुकदमे एवं दमनात्मक कार्रवाई वापस लेने तथा पंजाब सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों से किए गए समझौतों और वायदों को लागू करते हुए सभी पात्र कर्मचारियों को नियमित एवं रोजगार सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी उठाई गई। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार को सफाई कर्मचारियों के संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की।

# एडीसी ने की निपुण हरियाणा मिशन की समीक्षा

## डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग और समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज नारनौल

अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पवारिया की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परियोजना कार्यान्वयन इकाई (डीपीआईयू) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निपुण हरियाणा मिशन के तहत संचालित फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, एसपीआईयू सदस्य स्नेहा बिष्ट, जिला एफएलएन समन्वयक डॉ. विक्रम सिंह, संपर्क फाउंडेशन के जिला समन्वयक मनीष कुमार शर्मा, बीईओ पवन भारद्वाज (नारनौल), जगमाल सिंह (महेंद्रगढ़), सुरेश यादव (कनीना), विकास जयदीप (नांगल चौधरी), कुसुमलता (अटेली) सहित सभी ब्लॉकों के एफएलएन समन्वयक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में लाडो लक्ष्मी योजना, विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, निपुण हरियाणा डैशबोर्ड पर विद्यालय पर्यवेक्षण लक्ष्यों की पूर्ति, कक्षा अवलोकन, अभिभावक सहभागिता, पीजीआई-डी सूचकांक, एसएलओ आधारित प्रदर्शन तथा पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई।



**नारनौल।** एडीसी की बैठक में मौजूद शिक्षा अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों को निर्देश

अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पवारिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि नियमित विद्यालय निरीक्षण, सतत मॉनिटरिंग, शिक्षकों के सहयोग और डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग से जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सकता है।

### समस्याओं का समाधान ही प्राथमिकता



**महेंद्रगढ़।** डीसी अनुपमा अंजली के मार्गदर्शन में वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी तरुण कुमार पावरिया ने आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके समाधान बारे निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान एसडीएम योगेश सैनी व एएसपी फैजल खान भी मौजूद रहे और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायते सुनी। एडीसी ने कहा कि समाधान शिविर सहित अन्य कार्य दिवसों में कार्यालय आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुनना और समयबद्ध समाधान करना प्रशासन का दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से करें। समाधान शिविर में बिजली, पानी, अवैध कब्जे, बिजली कनेक्शन, नालों की सफाई, घरेलू झगड़े इत्यादि से संबंधित कुल 44 समस्याएं सुनी गई।

# विभाग का शहरों में विशेष जल संरक्षण अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज नारनौल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में चलाए जा रहे विशेष जल संरक्षण अभियान के तहत जिले के पांचों शहरों नारनौल, नांगल चौधरी, महेंद्रगढ़, अटेली एवं कनीना में पेयजल एवं सीवर कनेक्शनों को वैध करने का अभियान निरंतर जारी है। विभाग ने मंडल एवं उपमंडल स्तर पर कनिष्ठ अभियंताओं के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया है, जो अवैध पेयजल एवं सीवर कनेक्शनों को वैध कराने का कार्य कर रही हैं। अधीक्षण अभियंता एसपी जोशी ने बताया कि एक जुलाई से शुरू किए गए इस अभियान को उपभोक्ताओं का लगातार अच्छा सहयोग मिल रहा है। अभियान के तहत अब तक नारनौल में पेयजल के आठ तथा सीवर के आठ, नांगल चौधरी में पेयजल का एक तथा सीवर के 26, महेंद्रगढ़ में पेयजल के छह तथा सीवर के आठ, अटेली में पेयजल के 28 तथा सीवर के 18 तथा कनीना में पेयजल के 24 एवं सीवर के 26 अवैध कनेक्शनों को वैध किया जा चुका है।



नारनौल। कनेक्शन सेक्शन के लिए सर्वे करती विभागीय टीम। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### वंदे मातरम के 150वें वर्ष में राष्ट्रभक्ति के रंगों में रंगेगा जिला महेंद्रगढ़

**नारनौल।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में नौ से 17 अगस्त तक जिलेभर में हर घर तिरंगा अभियान को एक जन-आंदोलन के रूप में चलाया जाएगा। इसके अलावा 14 अगस्त को देश विभाजन के दौरान अकल्पनीय यातनाएं सहने वाले और अपनी जान गंवाने वाले लाखों निर्दोषों की याद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भी बहुत ही सादगी, गंभीरता और गरिमा के साथ मनाया जाएगा।

### दहेज प्रथा खत्म करने के लिए समाज में जागरुकता जरूरी

**महेंद्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। एसडीएम योगेश सैनी ने पौध रोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इसके उपरांत उन्होंने लघु सचिवालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर दहेज प्रथा उन्मूलन जागरूकता रैली को रवाना किया।

# 11, 12 और 13 को प्रदेशव्यापी हड़ताल

- 10 अगस्त तक मंत्रियों व उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपे जाएंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज नारनौल

एचएसईबी डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन के जिला प्रधान सत्यपाल ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय परिषद की राज्य स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णयों का जिले में पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु धनखड़ के नेतृत्व में हुई बैठक में बिजली निगम में निजीकरण के प्रस्तावों और लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की गई है। नारनौल सहित महेंद्रगढ़ जिले के सभी डिप्लोमा इंजीनियर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। सत्यपाल ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार 30 जुलाई से 10 अगस्त के बीच हरियाणा सरकार के मंत्रियों, जिला उपायुक्त तथा अधीक्षण अभियंताओं के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। यदि इसके बावजूद सरकार ने मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो एचएसईबी डिप्लोमा इंजीनियर हरियाणा के बैनर तले 11, 12 और 13 अगस्त को प्रदेशव्यापी हड़ताल की जाएगी। इस दौरान जूनियर इंजीनियर एवं एरिया इंचार्ज हड़ताल में शामिल रहेंगे।



**नारनौल।** मीटिंग करते बिजली इंजीनियर्स के कर्मचारी नेतागण। फोटो : हरिभूमि

### सभी डिप्लोमा इंजीनियर एकजुट

जिला प्रधान सत्यपाल ने बताया कि संगठन की प्रमुख मांगों में जूनियर इंजीनियर से एसडीओ पद पर पदोन्नति का कोटा 35 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करना, जूनियर इंजीनियरों को 4800 रुपये ग्रेड पे प्रदान करना, कैडर स्पेसिफिक एसीपी को तर्कसंगत बनाते हुए पीबी-4 तक अपग्रेड करना तथा एचवीपीएन यूटिलिटी में नए पदों का सृजन करना शामिल है।

### फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखण्ड पर दोहरीकरण कार्य के चलते रेलसेवाएं रद्द/मार्ग परिवर्तित/आंशिक रद्द रहेगी

नारनौल। उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जयपुर मण्डल के फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखण्ड पर कुण्ड-पाली-खोरी स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के अंतर्गत नॉन इण्टरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्षन के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। **रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)**:-गाड़ी संख्या 19620 रेवाड़ी-फुलेरा रेलसेवा 29 अगस्त से 24 सितंबर तक (27 ट्रिप) रद्द रहेगी।
-गाड़ी संख्या 19619 फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा 29 अगस्त से 24 सितंबर तक (27 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19621 फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा 29 अगस्त से 24 सितंबर तक (27 ट्रिप) रद्द रहेगी।-गाड़ी संख्या 59709 जयपुर-भिवानी रेलसेवा 12 अगस्त से 24 सितंबर तक (44 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 59710 भिवानी-जयपुर रेलसेवा 12 अगस्त से 24 सितंबर तक (44 ट्रिप) रद्द रहेगी। -गाड़ी संख्या 59633 रेवाड़ी-रींगस रेलसेवा 29 अगस्त, 30 अगस्त, पांच सितंबर, छह 12, 13, 19, 20 सितंबर को (आठ ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 59634 रींगस-रेवाड़ी रेलसेवा 29 अगस्त, 30 अगस्त, पांच सितंबर, छह, 12, 13, 19 व 20 सितंबर को (आठ ट्रिप) रद्द रहेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

# उपभोक्ताओं को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

- कार्यशाला में अनचाही कॉल व संदेशों से बचाव के उपायों को विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज नारनौल

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के निर्देशों के तहत मंगलवार को बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज में दूरसंचार एवं प्रसारण में टैरिफ एवं बिलिंग विषय पर उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य दूरसंचार एवं प्रसारण सेवाओं का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा शिकायत-निवारण प्रणाली के बारे में जागरूक करना रहा। यह कार्यक्रम हरियाणा दूरसंचार परिमंडल के रेवाड़ी बिजनेस एरिया की ओर से ट्राई अधिनियम-1997 के तहत निर्धारित तिमाही उपभोक्ता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं को दूरसंचार सेवाओं से जुड़े विभिन्न नियमों, टैरिफ एवं बिलिंग प्रणाली तथा डिजिटल सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को बताया कि वे अपने मोबाइल या ब्रॉडबैंड बिल को सही तरीके से कैसे समझें, किसी भी प्रकार की अतिरिक्त या गलत बिलिंग की स्थिति में क्या कदम उठाएं तथा उपलब्ध टैरिफ योजनाओं का सही चयन कैसे करें। इसके अलावा अनचाही (स्पैम) कॉल व संदेशों से बचाव के उपायों, सार्वजनिक वाई-फाई के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर ठगी से बचने के लिए सरकार के संचार साथी पोर्टल की उपयोगिता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा शिकायत-निवारण प्रणाली का सजीव प्रदर्शन रहा। इसमें बताया गया कि उपभोक्ता अपनी शिकायत किस प्रकार दर्ज कर सकते हैं, शिकायत के समाधान की समय-सीमा क्या होती है और यदि निर्धारित समय में समाधान नहीं मिलता है, तो शिकायत को अगले स्तर तक कैसे पहुंचाया जा सकता है। कार्यशाला में पंजीकृत उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी भाग लिया।



**नारनौल।** टैरिफ-बिलिंग व साइबर सुरक्षा की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

मेधावी छात्रों व गुरुजनों को किया सम्मानित

# भाविप ने गुरु पूर्णिमा पर किया गुरुवंदन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज नारनौल

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा की ओर से संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार यादव रहे। अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष मुकेश जैन ने की। मंच संचालन सचिव संदीप शुक्ला ने किया। उन्होंने बताया कि भारत विकास परिषद संपर्क, सहयोग, सेवा, संस्कार और समर्पण के मूल मंत्र के साथ विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करता है। इसी कड़ी में संस्कार गतिविधि के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त करने और मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के हिंदी अध्यापक राजकुमार व गणित अध्यापक अशोक कुमार को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं मेधावी छात्र-छात्राओं में शुभम पुत्र अमर सिंह को बेस्ट एथलीट, दीपिका पुत्री मनोज कुमार 10वीं कक्षा में अकादमिक टॉपर के लिए, सोनम पुत्री मनोज कुमार को स्टेट लेवल योग विजेता के लिए, भास्कर पुत्र प्रवीण कुमार एडवोकेट को 10वीं कक्षा में विद्यालय टॉपर के लिए, पायल पुत्री अभय सिंह को स्टेट योग विजेता के लिए सम्मानित कर विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया।इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष मुकेश जैन, संस्कार प्रकल्प संयोजक डॉ. शिवकुमार यादव, विद्यालय चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव, शाखा के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र बोहरा, विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव, एमडी पीयूष यादव, निदेशिका रविन्द्रा यादव आदि मौजूद रहे।



**नारनौल।** कार्यक्रम में छात्रा को सम्मानित करते हुए।